कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

पत्रांक–............/

प्रेषक,

शशि भूषण राय,
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

सेवा में,

विशेष निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा,
बिहार, पटना।

हाजीपुर,दिनांक............

विषयः– **सन्त जॉन्स एकेडमी, दौलतपुर चॉदी, वैशाली को सी0बी0एस0ई0 से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने से संबंधित जॉच प्रतिवेदन।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सन्त जॉन्स एकेडमी, दौलतपुर चॉदी, वैशाली का स्थलीय निरीक्षण दिनांक–21.07.2012 को किया गया । उक्त विद्यालय हाजीपुर लालगंज रोड पर चॉदी के निकट संचालित है। जॉच प्रतिवेदन निम्नवत है:–

1. विद्यालय सेंट जॉन्स सोसाइटी फॉर एजुकेशन रस्ट्रिेशन एक्ट के अधिन निबंधित है।
2. विद्यालय प्रबंधन द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से अंकित किया गया है कि सेंट जॉन्स सोसाइटी फॉर एजुकेशन के प्रबंध समिति के सदस्यों के बीच ब्लड रिलेशन नही है।
3. विद्यालय प्रबंधन द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से अंकित किया गया है कि विद्यालय किसी अन्य सोसाइटी के Franchise के रूप में स्थापित नही होगा।
4. सेट जॉन्स सोसाइटी फॉर एजुकेशन के नाम से 02 एकड़ 05 डिसमिल भूमि 35 वर्षो के लिज पर उपलब्ध है।
5. विद्यालय मे पर्याप्त संख्या में कमरे सी0बी0एस0ई0 के मानक के अनुरूप पाये गए। जिसमें पर्याप्त संख्या में बेंच/डेस्क उपलब्ध है।
6. विद्यालय के प्रयोगशाला में अपेक्षित संख्या में उपकरण उपलब्ध है।
7. विद्यालय के पुस्तकालय में अपेक्षित संख्या में पुस्तक उपलब्ध है।
8. विद्यालय में 18 (अठ्ठारह) पुरूष 06 (छः) महिला कुल 24 (चौबीस) शिक्षक/शिक्षिका कार्यरत है। शिक्षिको के नियोजन की प्रक्रिया विज्ञप्ति के माध्यम से किया गया है।
9. विद्यालय में वर्तमान में कक्षा 01 से कक्षा 08 तक की पढाई होती है।
10. विद्यालय में कक्षा 01 से कक्षा 08 तक पढ़ने वालो छात्रों की संख्या 560 (पॉच सौ साठ) बताइ गई।
11. विद्यालय प्रबंधन द्वारा अधिसूचना संख्या 238 दिनांक–03.04.2006 में निहित अपेक्षित शर्तो को पूरा करने एवं हिन्दी की पढ़ाइ अनिवार्य रूप से कराने का शपथ पत्र दिया गया है।
12. विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र मे अवस्थित है एवं व्यवस्थित रूप से संचालित है।

अनुलग्नक– विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन एवं
संबंधित अभिलेख।

विश्वासभाजन

ह०/–

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

ज्ञापांक 889 हाजीपुर,दिनांक 23.7.12
प्रतिलिपि– सचिव, सन्त जॉन्स एकेडमी, दौलतपुर चॉदी, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। 23.7.12

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

23.7.12